दैनिक
न्याय साक्षी

संपादकीय-खेल-व्यापार-धर्म-सेहत-फीचर-खाना खजाना-राशिफल

रायगढ़, बुधवार 16 नवंबर 2022
www.nyaysakshi.com


संपादकीय

# जलवायु की जुबानी चिंता

धनी देश अपनी उच्च कार्बन उत्सर्जन आधारित जीवनशैली पर कोई समझौता करने को तैयार नहीं हैं। इसकी कीमत गरीब देश चुका रहे हैं। उन्हें राहत देन के लिए धनी देश अपने हिस्से का चंदा भी नहीं दे रहे हैं।

मिस्र के शहर शरम अल-शेख में चल रहे संयुक्त राष्ट्र के जलवायु परिवर्तन सम्मेलन (कॉप-27) के दौरान कई महत्त्वपूर्ण जानकारियां सामने आई हैं। जिस सम्मेलन में चर्चा का मुख्य विषयवस्तु जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए धन का इंतजाम है, वहां कुछ सामने आई जानकारियां बेहद महत्त्वपूर्ण हैं। मसलन, यह कि अमेरिका, ब्रिटेन, कनाडा और ऑस्ट्रेलिया ने जलवायु परिवर्तन रोकने के लिए बने कोष में अपने हिस्से का पूरा चंदा नहीं दिया है। इस कोष का गठन जलवायु परिवर्तन रोकने के उपाय करने में विकासशील देशों की मदद के लिए किया गया था। गैर सरकारी संस्था कार्बन ब्रीफ ने कार्बन उत्सर्जन में विभिन्न देशों के हिस्से और उसके अनुपात में उनकी तरफ से दिए गए धन की तुलना करते हुए अपनी रिपोर्ट तैयार की है। इस रूप में उसने यह बताने की कोशिश की है कि जलवायु संकट का मुकाबला करने के मामले में इन देशों अपनी जिम्मेदारी किस हद तक निभाई है। धनी देशों ने 2020 तक जलवायु कोष में 100 बिलियन डॉलर का योगदान करने का वादा किया था। लेकिन इस समयसीमा के भीतर उन्होंने अपना वादा नहीं निभाया।

कार्बन ब्रीफ के मुताबिक अतीत में अमेरिका की उत्सर्जन मात्रा के हिसाब से इस कोष के लिए उसका हिस्सा 40 बिलियन डॉलर बनता था। लेकिन 2020 तक उसने सिर्फ 7.6 बिलियन डॉलर का योगदान किया। ऑस्ट्रेलिया और कनाडा भी उत्सर्जन में अपने हिस्से की तुलना में सिर्फ एक तिहाई रकम का योगदान किया। ब्रिटेन ने अपने उत्सर्जन हिस्से की तुलना में 1.4 बिलियन डॉलर कम का चंदा दिया है। गौरतलब है कि जलवायु वार्ताओं के आरंभिक दौर में ही यह सहमति बनी थी कि जिन देशों ने कार्बन उत्सर्जन कर वातावरण को जितना नुकसान पहुंचाया है, उसी अनुपात में वे इस संकट का मुकाबला करने के लिए वित्तीय योगदान करेंगे। धनी देश अपनी उच्च कार्बन उत्सर्जन आधारित जीवनशैली पर कोई समझौता करने को तैयार नहीं हैं। इसकी कीमत गरीब देश चुका रहे हैं। इसके बावजूद धनी देश अपने हिस्से का चंदा भी नहीं दे रहे हैं। तो आखिर दुनिया जलवायु परिवर्तन से कैसे बचेगी?

# खेल रत्न पुरस्कार से 30 नवंबर को सम्मानित होंगे शरत कमल

**नई दिल्ली**



भारत के दिग्गज टेबल टेनिस खिलाड़ी और दो बार के राष्ट्रमंडल खेल गोल्ड मेडलिस्ट अचंत शरत कमल को मेजर ध्यान चंद खेल रत्न पुरस्कार 2022 से सम्मानित किया जाएगा।

केंद्रीय युवा मामले और खेल मंत्रालय ने राष्ट्रीय खेल पुरस्कार 2022 की घोषणा करते हुए यह जानकारी दी।

मंत्रालय ने यहां जारी विज्ञप्ति में कहा कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू 30 नवंबर को शरत कमल सहित 30 खिलाड़ियों एवं सात कोचों को राष्ट्रीय खेल पुरस्कारों से सम्मानित करेंगी। केंद्र सरकार ने पुरस्कार समिति की सिफारिश और उचित जांच के बाद खिलाड़ियों, कोचों और चुनिंदा संस्थाओं को पुरस्कृत करने का निर्णय लिया है।

मेजर ध्यान चंद खेल रत्न पुरस्कार से सम्मानित होने वाले शरत कमल ने 16 साल की उम्र में अपने अंतरराष्ट्रीय करियर की शुरुआत की थी और वह पिछले 24 वर्षों से टेबल टेनिस में भारत का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। शरत कमल इस दौरान राष्ट्रमंडल खेलों में सात स्वर्ण सहित 13 पदक जीत चुके हैं। इनमें से दो स्वर्ण और एक कांस्य पदक एकल प्रतियोगिता में आया है। उन्होंने हाल ही में बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेल 2022 में पुरुष एकल में सोना जीतने के साथ-साथ अपनी मिश्रित युगल जोड़ीदार श्रीजा अकुला के साथ स्वर्ण पदक हासिल किया था, जबकि उनकी अगुवाई में पुरुष टेबल टेनिस टीम ने भी सोना हासिल किया था। शरत कमल की जोड़ीदार अकुला को 24 अन्य खिलाडिय़ों के साथ अर्जुन पुरस्कार से सम्मानित करने के लिये चुना गया है।

मंत्रालय ने बताया कि डिस्कस थ्रो एथलीट सीमा पूनिया, त्रिकूद एथलीट एल्डोज पॉल, ट्रैक एंड फील्ड एथलीट अविनाश मुकुंद साबले, युवा बैडमिंटन खिलाड़ी लक्ष्य सेन और एचएस प्रणय, मुक्केबाज अमित और निकहत ज़रीन, शतरंज ग्रैंडमास्टर भक्ति कुलकर्णी और आर प्रागनानंदा को इस साल अर्जुन पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा।

इसके अलावा अनुभवी हॉकी खिलाड़ी दीप ग्रेस एक्का, जूडोका सुशीला देवी, कबड्डी खिलाड़ी साक्षी कुमारी, लॉन बाउल खिलाड़ी नयन मोनी सैकिया, मल्लखंब खिलाड़ी सागर कैलास ओवलकर, निशानेबाज एलावेनिल वलारिवन और ओमप्रकाश मिथरवाल, श्रीजा अकुला, भारोत्तोलक विकास ठाकुर, पहलवान अंशु मलिक और सरिता एवं वुशु खिलाड़ी परवीन, पैरा शटलर मानसी जोशी और तरुण ढिल्लों, पैरा तैराक स्वप्निल पाटिल और बधिर शटलर जर्लिन अनिका जे भी अर्जुन पुरस्कार से सम्मानित होंगे। भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान रोहित शर्मा के कोच दिनेश जवाहर लाड को उनकी सेवाओं के लिये द्रोणाचार्य पुरस्कार (आजीवन श्रेणी) से सम्मानित किया जाएगा। इसके अलावा फुटबॉल कोच बिमल प्रफुल्ल घोष और कुश्ती कोच राज सिंह को यह पुरस्कार दिया जाएगा।

# आम आदमी को राहत, थोक मुद्रास्फीति दर घटी



**नई दिल्ली।** थोक मूल्य सूचकांक आधारित मुद्रास्फीति अक्टूबर 2022 में घटकर 8.39 प्रतिशत रही जो बीते 19 माह का न्यूनतम स्तर है। केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने जारी प्रारंभिक आंकड़ों में बताया कि अक्टूबर 2021 में थोक मुद्रास्फीति 13.83 प्रतिशत थी। सितंबर 2022 में यह 10.79 प्रतिशत दर्ज की गई थी। मंत्रालय के अनुसार थोक मुद्रास्फीति की दर में अक्टूबर, 2022 में गिरावट मशीनरी और उपकरणों, कपड़ा, अन्य गैर-धातु खनिज उत्पाद, खनिज को छोडक़र मुख्य रूप से खनिज तेलों, आधार धातुओं, धातु उत्पादों की कीमतों में कमी के कारण हुई है। इससे पूर्व मार्च 2021 में थोक मुद्रास्फीति 7.89 प्रतिशत दर्ज की गई थी।

खाद्य उत्पादों की थोक मुद्रास्फीति अक्टूबर 2022 में 8.33 प्रतिशत रही जो सितंबर 2022 में 11.03 प्रतिशत थी। इस दौरान साग-सब्जी की थोक मुद्रास्फीति 17.61 प्रतिशत दर्ज की गई जो पिछले महीने 39.66 प्रतिशत थी। आंकड़ों के अनुसार आलोच्य माह में ईंधन और ऊर्जा क्षेत्र में मुद्रास्फीति 23.17 प्रतिशत रही जो सितंबर 2022 में 32.61 प्रतिशत थी। विनिर्माण क्षेत्र में मुद्रास्फीति 4.42 प्रतिशत देखी गयी जो एक माह पहले 6.34 प्रतिशत थी। उल्लेखनीय है कि भारतीय रिजर्व बैंक ने मुद्रास्फीति को नियंत्रण में रखने के लिए मई-सितंबर 2022 अवधि में ब्याज दरों को 1.90 प्रतिशत बढ़ा दिया है जो वर्तमान में 5.90 प्रतिशत है। पिछली तीन तिमाही से मुद्रास्फीति केंद्रीय बैंक के छह प्रतिशत की सीमा से ऊपर बनी हुई है।

# खाद्य पदार्थों की कीमतों में आयी नरमी से नरम पड़ी खुदरा महंगाई : वित्त मंत्रालय

**नई दिल्ली ।** उपभोक्ता मूल्य सूचकांक पर आधारित खुदरा महंगाई के सितंबर 2022 की तुलना में अक्टूबर 2022 में नरम पडऩे पर वित्त मंत्रालय ने कहा है कि खाद्य पदार्थों की कीमतों में गिरावट से यह कमी आयी है।

मंत्रालय ने कहा कि सितंबर में खुदरा महंगाई 7.41 प्रतिशत थी जो अक्टूबर में घटकर 6.77 प्रतिशत पर आ गयी। इसी तरह से खाद्य पदार्थों की महंगाई भी सितंबर के 8.6 प्रतिशत की तुलना में अक्टूबर 2022 में घटकर 7.01 प्रतिशत पर आ गयी। सब्जियों, फलों, दालों के साथ ही तेल एवं वसा की कीमतों में नरमी के कारण खाद्य पदार्थों की कीमतों में गिरावट आयी है।

उसने कहा कि वैश्विक बाजार में कच्चे तेल और लौह अयस्क की कीमतों पर दबाव रहा। इसके साथ ही घरेलू स्तर पर सरकार द्वारा कच्चे माल पर शुल्कों को तर्कसंगत बनाये जाने का असर भी हुआ है और घरेलू स्तर पर आपूर्ति सुधार का असर भी दिखा है।

# आईओए के एथलीट कमीशन में सिंधू, मैरी कॉम सहित 10 का चयन

**नई दिल्ली ।** पांच बार की विश्व चैंपियन मैरी कॉम, दो बार की ओलंपिक मेडलिस्ट पीवी सिंधू और राष्ट्रमंडल खेलों के दो बार के गोल्ड मेडलिस्ट अचंता शरत कमल सहित 10 खिलाडिय़ों को निर्विरोध रूप से भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) के एथलीट आयोग का सदस्य चुना गया। मैरी कॉम, सिंधू और शरत कमल के अलावा यहां हुए चुनावों में टोक्यो ओलंपिक की सिल्वर मेडलिस्ट भारोत्तोलक मीराबाई चानू, ओलंपिक 2012 के कांस्य पदक विजेता निशानेबाज गगन नारंग, शीतकालीन



ओलंपियन शिवा केशवन, वरिष्ठ हॉकी खिलाड़ी रानी रामपाल, साइक्लिस्ट भवानी देवी, नौकायन खिलाड़ी बजरंग लाल और पूर्व शॉट-पुट एथलीट ओम प्रकाश करहाना को भी आयोग के लिये निर्विरोध चुना गया है। नवंबर 10 को अपनाये गये भारतीय ओलंपिक संघ के नये संविधान के तहत एथलीट आयोग में पुरुष और महिला सदस्यों का समान प्रतिनिधित्व होना है। नवनिर्वाचित सदस्यों में पांच महिलाओं सहित सभी 10 सदस्य ओलंपियन हैं, जबकि केशवन इकलौते शीतकालीन ओलंपियन हैं। एथलीट आयोग में सिर्फ 10 सीटों के लिये इतने ही उम्मीदवारों ने नामांकन पत्र दाखिल किया था, जिसके बाद निर्वाचन अधिकारी उमेश सिन्हा ने सभी को निर्विरोध निर्वाचित घोषित कर दिया। भारत के पहले ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता निशानेबाज अभिनव बिंद्रा और भारतीय हॉकी टीम के पूर्व कप्तान सरदार सिंह क्रमश: अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) और एशियाई ओलंपिक परिषद (ओसीए) के संबंधित निकायों के सदस्य के रूप में 12 सदस्यीय एथलीट आयोग को पूरा करेंगे। दोनों के पास मतदान का अधिकार होगा। बिंद्रा को 2018 में आठ साल के कार्यकाल के लिए आईओसी एथलीट आयोग के सदस्य के रूप में नियुक्त किया गया था, जबकि सरदार को 2019 में चार साल के कार्यकाल के लिए ओसीए एथलीट समिति का सदस्य बनाया गया था।

# केरल इस साल एक लाख उद्यमियों को इन्क्यूबेट करेगा: वित्त मंत्री

**नई दिल्ली ।** भारत अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेले के 41वें संस्करण के शुभारंभ के साथ ही इसमें केरल पवेलियन का हुआ उद्घाटन हुआ। केरल के वित्त मंत्री के एन बालगोपाल ने इस अवसर पर कहा कि राज्य एक प्रमुख विनिर्माण केंद्र बनने और देश में बढ़ते आंतरिक व्यापार और सेवाओं को भुनाने के अपने प्रयास के तहत नए उद्यमिता को आक्रामक रूप से बढ़ावा दे रहा है। मंत्री ने कहा कि राज्य केरल स्वाद के अधिक उत्पादों का उत्पादन करने के लिए इस साल 1 लाख नए उद्यमी बनाने की योजना बना रहा है।




मंत्री ने कहा कि केरल में पर्यटन, खेल और स्थानीय कारीगरों पर आधारित अद्वितीय बिक्री वाले उत्पाद हैं और राज्य उनका राष्ट्रीय स्तर पर विपणन करने पर ध्यान केंद्रित कर रहा है। उन्होंने कहा हम इस साल 60 लाख नए एसएमई और 1 लाख नए उद्यम शुरू करने की योजना बना रहे हैं। इस तरह की प्रदर्शनियां राज्य के एसएमई के लिए फायदेमंद हैं। हम हर गांव में ज्यादा से ज्यादा उद्यमी पैदा करने की कोशिश कर रहे हैं। हम उनकी वकालत कर रहे हैं।

उन्होंने केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल से देश के विभिन्न हिस्सों में, विशेष रूप से अन्य राज्यों की राजधानियों में, स्थानीय रूप से निर्मित चीजों को राष्ट्रीय स्तर पर बाजार में लाने के लिए और अधिक व्यापार मेले आयोजित करने का आग्रह किया।

उन्होंने कहा किसी चीज का उत्पादन करना आसान है, उसकी मार्केटिंग करने से ज्यादा आसान है। मार्केटिंग एक कठिन काम है। इसलिए हमें अपनी स्थानीय स्तर पर बनी चीजों की मार्केटिंग के लिए और मेलों की जरूरत है। हम केंद्रीय मंत्री से देश के अलग-अलग हिस्सों में इस तरह के ट्रेड फेयर लगाने का अनुरोध कर रहे हैं। जैसा कि नारा कहता है, हमें 'स्थानीय चीजों के बारे में मुखर होना होगा।

व्यापार मेले में केरल पवेलियन में कृषि, हर्बल, हथकरघा, आयुर्वेदिक, मसालों और वस्त्र उत्पादों को प्रदर्शित करने वाले लगभग 30 स्टॉल हैं। इस आयोजन में उनतीस राज्य और केंद्र शासित प्रदेश भाग ले रहे हैं।

# लोकेशन ट्रैकिंग मामले में दोषी पाया गया गूगल, केस के निपटारे के लिए 40 राज्यों को देगा 32 अरब रुपए




**वॉशिंगटन।** दिग्गज टेक कंपनी गूगल की मुश्किलें कम होती नहीं दिख रही हैं। गूगल को अमेरिका में लोकेशन ट्रैकिंग केस में बड़ा झटका लगा है। अमेरिका के 40 राज्यों के साथ उसने इस केस के निपटारे के लिए एक समझौता किया है। इसके तहत मिशीगन समेत 40 राज्यों को गूगल 40 करोड़ डॉलर (32 अरब रुपये से ज्यादा) का हर्जाना चुकाएगा।

जांच में गूगल को अमेरिकी लोकेशन ट्रैकिंग नियमों के उल्लंघन कर उपभोक्ताओं को गुमराह करने का दोषी माना गया है। मिशिगन अटॉर्नी जनरल डाना नेसेल के कार्यालय ने बताया कि अमेरिका के 40 राज्यों ने लोकेशन ट्रैकिंग प्रैक्टिस को लेकर उपभोक्ताओं को गुमराह करने के मामले में गुगल पर लगे जुर्माने के निपटारे के लिए समझौता किया है। इस समझौते के तहत गूगल करीब 32 अरब रुपये (400 मिलियन अमरीकी डॉलर) का हर्जाना इन 40 राज्यों को देगा। बताया जा रहा है कि यह इतिहास में सबसे बड़ा बहुराज्य अटॉर्नी जनरल गोपनीयता समझौता है।

नेसेल के अनुसार गूगल को ज्यादातर कमाई या राजस्व उसके ब्राउजर या एप्स का इस्तेमाल करने वाले लोगों के निजी डाटा के इस्तेमाल से होती है। निजता कानूनों के उल्लंघन के कारण गूगल ने मिशीगन समेत 40 राज्यों के एटॉर्नी जनरलों के साथ यह करार किया है। मिशीगन के एटॉर्नी जनरल कार्यालय के अनुसार गूगल यूजर्स या उपभोक्ताओं को जानकारी दिए बगैर या उनकी अनुमति के बिना उनकी लोकेशन की ट्रैकिंग कर उसका निजी हित में इस्तेमाल करता है।

# दृश्यम 2 की एडवांस बुकिंग, धड़ल्ले से बिक रहे फिल्म के टिकट




अजय देवगन की हालिया रिलीज फिल्मों ने भले ही बॉक्स ऑफिस पर कमाल न दिखाया हो, लेकिन इससे उनकी अगली फिल्म दृश्यम 2 को लेकर लोगों का उत्साह कम नहीं हुआ है। वो शायद इसलिए क्योंकि दृश्यम को खूब प्यार मिला था और इसके सीक्वल का इंतजार पिछले काफी समय से हो रहा है। यही वजह है कि फिल्म की रिलीज से पहले ही 35,000 से ज्यादा टिकटों की एडवांस बुकिंग हो चुकी है।

दृश्यम 2 18 नवंबर को रिलीज होने वाली है। इसका ट्रेलर रिलीज होने के बाद इसे देखने की बेसब्री और बढ़ गई। निर्माताओं ने भी दर्शकों की उत्सुकता को देखते हुए एडवांस बुकिंग शुरू की। फिल्म की एडवांस बुकिंग, अजय की पिछली दो फिल्में रनवे 34 और थैंक गॉड से बेहतर चल रही है। ओपनिंग वीकेंड के लिए शुरुआती दो दिनों में फिल्म के 35,000 से अधिक टिकट बिक चुके हैं। फिल्म समीक्षक तरण आदर्श ने यह जानकारी दी।

इस साल आरआरआर से लेकर केजीएफ-2 जैसी कई फिल्मों की एडवांस बुकिंग ने ताबड़तोड़ कमाई की। इस फेहरिस्त में हाल ही में ब्रहास्त्र शामिल हुई है। इससे पहले फिल्म पोन्नियन सेल्वन और भूल भुलैया 2 ने भी रिलीज से पहले खूब कमाई की थी।

# शाहिद कपूर मलयालम निर्देशक रोशन एंड्रयूज की फिल्म में आएंगे नजर



जाने-माने मलयालम निर्देशक रोशन एंड्रयूज की फिल्म में बॉलीवुड अभिनेता शाहिद कपूर की एंट्री हो गई है। वह रोशन की फिल्म में मुख्य भूमिका निभाते हुए नजर आएंगे। फिलहाल इस फिल्म का शीर्षक निर्धारित नहीं किया गया है। इसकी स्क्रिप्ट बॉबी-संजय मिलकर लिखेंगे। फिल्ममेकर रोशन ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट लिखकर इस प्रोजेक्ट की घोषणा की है। उन्होंने शाहिद के साथ काम करने को लेकर अपनी खुशी जताई है। रोशन ने फेसबुक पर शाहिद के साथ फिल्म करने की जानकारी दी है। उन्होंने अपने पोस्ट में लिखा, भारतीय फिल्म इंडस्ट्री के सर्वश्रेष्ठ अभिनेताओं में से एक शाहिद कपूर के साथ अपनी अगली फिल्म की घोषणा करते हुए मुझे वास्तव में खुशी हो रही है।

# आज का राशिफल

***मेष :*** आज आपका दिन सामान्य रहेगा। आपकी योजना फलीभूत होगी। कार्यकुशलता में वृद्धि होगी। घर-बाहर पूछ-परख रहेगी। यात्रा की योजना बन सकती है। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। नए उपक्रम प्रारंभ करने का मन बन सकता है।

***वृष :*** तीर्थाटन तथा संत दर्शन का लाभ मिल सकता है। अध्यात्म में रुचि रहेगी। कानूनी अड़चन दूर होकर लाभ की स्थिति बनेगी। वरिष्ठ जन का मार्गदर्शन तथा सहयोग प्राप्त होगा। किसी बड़ी चिंता से मुक्ति मिलेगी।

***मिथुन :*** वाहन, मशीनरी व अग्नि आदि के प्रयोग में लापरवाही न करें। पुरानी व्याधि बाधा का कारण बन सकती है। कार्य में अवरोध उत्पन्न हो सकता है। धनहानि के योग हैं। वरिष्ठजनों की सलाह मानें तथा विवेक से कार्य करें। व्यवसाय ठीक चलेगा।

***कर्क :*** आर्थिक उन्नति के लिए बनाई गई योजना फलीभूत होगी। मान-सम्मान मिलेगा। नौकरी में प्रमोशन मिल सकता है। कार्यस्थल पर मनोनुकूल परिवर्तन संभव है। आय बनी रहेगी।

***सिंह :*** सत्संग का लाभ मिलेगा। पूजा-पाठ में मन लगेगा। तीर्थाटन का मन बनेगा। राजकीय बाधा दूर होगी। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। सौभाग्य वृद्धि होगी। यात्रा में सावधानी आवश्यक है। चिंता तथा तनाव रहेंगे। परिवार में कोई शुभ कार्य हो सकता है।

***कन्या :*** स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। वाहन व मशीनरी के प्रयोग में सावधानी रखें। विवाद को बढ़ावा न दें। अकारण क्रोध रहेगा। जोखिम व जमानत के का कार्य टालें। अपेक्षित कार्यों में विलंब से चिड़चिड़ापन रहेगा। व्यवसाय में ध्यान दें। लाभ होगा। जल्दबाजी से बचें।

***तुला :*** राजभय रहेगा। विवाद को बढ़ावा न दें। दूसरों के झगड़ों में न पड़ें। यात्रा लाभदायक रहेगी। प्रेम-प्रसंग में अनुकूलता रहेगी। व्यस्तता रहेगी। संपत्ति के बड़े सौदे हो सकते हैं। बड़ा लाभ होगा। उन्नति के मार्ग प्रशस्त होंगे।

***वृश्चिक :*** पार्टी व पिकनिक की योजना बनेगी। स्वादिष्ट भोजन का आनंद प्राप्त होगा। रचनात्मक कार्य सफल रहेंगे। थकान महसूस होगी। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। विरोधियों का पराभव होगा।

***धनु :*** कोई सूचना प्राप्त हो सकती है। पुराना रोग उभर सकता है। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। किसी अपने का व्यवहार दिल को ठेस पहुंचा सकता है। नकारात्मकता से दूर रहें। सहयोग होगा। व्यवसाय ठीक चलेगा।

***मकर :*** थोड़े प्रयास से ही कार्यसिद्धि होगी। घर-बाहर पूछ-परख रहेगी। जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे। धन प्राप्ति सुगम होगी। उत्साह में वृद्धि होगी। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। थकान महसूस होगी। परिवारजनों का सहयोग मिलेगा।

***कुंभ :*** घर में अतिथियों का आगमन होगा। उन पर व्यय होगा। उत्साहवर्धक सूचना प्राप्त होगी। कार्य में निरंतरता बनी रहेगी। परिवार में प्रसन्नता रहेगी। किसी प्रसिद्ध व्यक्ति से मुलाकात हो सकती है।

***मीन :*** कार्य की बेहतरी रहेगी। कोई बड़ा कार्य मनोनुकूल बनेगा। यात्रा लाभदायक रहेगी। भाग्योन्नति के प्रयास सफल रहेंगे। भेंट व उपहार की प्राप्ति के योग हैं। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। कुसंगति से बचें।

# टेस्टी गट्टे की सब्जी बनाने के लिए आसान रेसिपी



गट्टे की सब्जी काफी टेस्टी और हेल्दी भी होती है। आप इसे लंच या डिनर में बना सकती हैं और चावल या रोटी के साथ परोस सकती हैं। राजस्थान के लोगों को गट्टे की सब्जी काफी पसंद होती है। चाहें तो आप भी इस रेसिपी को ट्राई कर सकती हैं।

## सामग्री :

200 ग्राम बेसन, एक बड़ा चम्मच दही, एक चम्मच जीरा पाउडर, एक चम्मच हल्दी पाउडर, आधा चम्मच मिर्च पाउडर, एक चम्मच गरम मसाला पाउडर, नमक स्वादानुसार, 2 बड़े चम्मच तेल, 3 कटे हुए प्याज, 1 टमाटर कटे हुए, बारीक कटी हुई धनिया

## विधि :

- सबसे पहले एक कटोरे में बेसने लें, इसमें दही और पानी मिलाकर गूंथ लें।
- अब इस गूंथे हुए बेसन में कम मात्रा में नमक मिलाएं, इससे गट्टे बना लें।
- एक पैन में पानी उबालें, और इसमें गट्टे को डाल दें।
- उबाल आने पर गैस बंद कर दें।
- कड़ाई में तेल गर्म करें, इसमें कटी हुई प्याज, टमाटर और हरी मिर्च डालें।
- जब इसका रंग सुनहरा हो जाए, तो हल्दी, मिर्च और जीरा पाउडर डाल दें।
- अब मसाले को अच्छी तरह भून लें।
- जब मसाले भून जाए, तो ग्रेवी के लिए आवश्यकतानुसार पानी डाल दें।
- अब गट्टे को डाल कर मिला लें, गर्म मसाला पाउडर और हरी धनिया डाल कर गैस बंद कर दें।
- तैयार है गट्टे की सब्जी।

# शब्द सामर्थ्य- 252

**बाएं से दाएं :**
1. अनुचित, असत्य, जो ठीक न हो 3. बेवजह, बिनाकारण, व्यर्थ 4. हल्कीनींद, चकमा, धोखा 6. शक्कर पानी आदि का मीठा घोल 10. सोते से उठाना, सावधान करना, प्रदीप्त करना 11. चरमसीमा, सीमांत 14. पानी, आंसू 15. बैठा हुआ, विराजित 16. नृत्य 17. मृतप्राय, मृत्यु के करीब 19. जल, अम्बु 22. उपहार, भेंट 23. खबर, संदेश।

**ऊपर से नीचे**
1. गणपतिजी, 2. मांगनेवाला, पाने की इच्छा करने वाला 3. मिट्टी के रंग का, मटमैला 5. चला आता हुआ क्रम प्रथा, प्रणाली, रीति-रीवाज, 7. निशाचर, रात में विचरण करने वाला 8. पेड़ का धड़ा जहां से शाखाएं निकलती है, 9. मिठाई, खाने की मीठी चीज 12. शासन, गुस्सबात 13. श्रद्धा, स्त्री, जयशंकर प्रसाद द्वारा रचित प्रसिद्ध महाकाव्य 15. विपत्तिग्रस्त, दुखी, अभागा 16. प्रसिद्ध, नामवर 18. स्वप्न, ख्वाब 20. करीब, नज़दीक, समीप 21. सुबह, प्रात:, सबेरा।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 251 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अ | भि | षे | क | | प | स | | |
| जा | त | | थ | प | थ | पा | ना | |
| य | र | का | नी | | भ्र | | र | श्मि |
| ब | घा | र | | क | ष्ट | प्र | द | |
| | त | ना | त | नी | | र्व | | ब |
| अ | | मा | | ज | मा | त | | ल |
| स | जा | | | | | क | ज | रा |
| बा | | बे | स | हा | रा | | ग | म |
| ब | गु | ला | | रा | ज | दू | त | |

# सू-दोकू- 252

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | | | 4 | | | 7 | |
| | | 6 | 9 | | 2 | | | 1 |
| | 7 | | | 6 | | 8 | | 2 |
| 1 | | | | | | | 8 | |
| | 8 | | | 5 | | 2 | | 3 |
| 3 | | 2 | | | 4 | | 1 | |
| | 3 | | 2 | | | 4 | | |
| | | 8 | | 1 | 6 | | | 7 |
| 9 | | | 4 | | | | 2 | |

**नियम**
1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र 251 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 9 | 6 | 8 | 2 | 5 | 4 | 7 | 1 |
| 8 | 2 | 5 | 1 | 7 | 4 | 6 | 3 | 9 |
| 7 | 1 | 4 | 6 | 9 | 3 | | 2 | 5 |
| 1 | 8 | 9 | 3 | 6 | 7 | 8 | 5 | 4 |
| 2 | 6 | 7 | 5 | 4 | 8 | 1 | 9 | 3 |
| 5 | 4 | 3 | 9 | 1 | 2 | 7 | 8 | 6 |
| 6 | 7 | 2 | 4 | 3 | 9 | 5 | 1 | 8 |
| 9 | 5 | 1 | 7 | 8 | 6 | 3 | 4 | 2 |
| 4 | 3 | 8 | 2 | 5 | 1 | 9 | 6 | 7 |